पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने प्रकाश पर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं

लखनऊ : 07 नवम्बर, 2026

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रकाश पर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने प्रभु श्रीराम से सभी के सुख, शान्ति, आरोग्य, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की है।

मुख्यमंत्री जी ने अपने संदेश में कहा कि दीपावली सनातन संस्कृति की आस्था, आध्यात्मिक चेतना और लोकमंगल की भावना से जुड़ा महापर्व है। यह पर्व अन्धकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और निराशा पर आशा की विजय का सन्देश देता है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के उपरान्त अयोध्या आगमन और उनके राज्याभिषेक की स्मृति में मनाया जाने वाला दीपावली का पर्व सदियों से भारतीय जनमानस की आस्था, उल्लास और आत्मीयता का प्रतीक रहा है। दीपों की जगमगाहट के साथ प्रत्येक परिवार प्रभु श्रीराम के आदर्शों का स्मरण करते हुए सुख, शान्ति और समृद्धि की मंगलकामना करता है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह हम सभी के लिए गौरव और सौभाग्य का विषय है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या उत्तर प्रदेश में स्थित है। अयोध्या की प्राचीन दीपावली परम्परा को दीपोत्सव के माध्यम से नई भव्यता और वैश्विक पहचान मिली है। दीपोत्सव आज सनातन संस्कृति की गौरवशाली विरासत, जन–आस्था और सांस्कृतिक चेतना का भव्य उत्सव बन चुका है। इस आयोजन के माध्यम से अयोध्या की आध्यात्मिक महिमा और भगवान श्रीराम के आदर्शों को देश–दुनिया तक पहुंचाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दीपावली का वास्तविक आनन्द तभी पूर्ण होता है, जब इसकी प्रसन्नता समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। हम अपने आसपास ऐसे

परिवारों और जरूरतमन्द लोगों का ध्यान रखें, जिनके घरों में आर्थिक अभाव के कारण दीपावली का उल्लास फीका रह जाता है। मुख्यमंत्री जी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि दीपावली के पावन पर्व पर सभी अपनी सामर्थ्य के अनुसार स्थानीय स्तर पर खरीददारी करें, जिससे दिये, बाती, माटी कला से जुड़े हस्तशिल्पियों सहित स्थानीय कारीगरों, व्यवसायियों की मदद हो सके। उनके जीवन में भी प्रकाश, प्रसन्नता और अपनत्व का संचार हो। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास हो कि कोई घर दीपावली की रोशनी से वंचित न रहे। पर्व की खुशियां बांटने से समाज में आत्मीयता, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना और सुदृढ़ होती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि दीपावली हमें अपने घर, गली, मोहल्ले और आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने की प्रेरणा भी देती है। स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहें और दीपावली को पारम्परिक दीपों के प्रकाश, उल्लास तथा सद्भाव के साथ मनाएं। भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित होकर प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करे। मुख्यमंत्री जी ने कामना की कि दीपावली का पावन पर्व प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, समृद्धि और नई आशा का संचार करे तथा उत्तर प्रदेश शान्ति, सद्भाव और विकास के पथ पर निरन्तर अग्रसर रहे।

————————

PN-CM-Greetings Deepawali-07 November, 2026